an>

Title: Need to set up a National Youth Commission in the country.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): अध्यक्ष महोदया, आज आपने महत्वपूर्ण और गंभीर विÂषय सदन में उठाने का मौका दिया है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि भारत एक युवा देश है। इस देश की आधा से ज्यादा आबादी, युवाओं की है। इस देश में प्रत्येक वÂ◌ान् 12 जनवरी को 'युवा दिवस' मनाया जाता है। लेकिन इस से युवाओं को क्या हासिल होता है, सरकार को इसकी समीक्षा करने की जरूरत है, सरकार को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। अगस्त, 2014 को माननीय प्रधानमंत्री जी का ब्यान आया था कि युवाओं के अनिश्चित भविष्Âय तथा अन्य कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे युवाओं के लिए 'राÂष्ट्रीय युवा आयोग' का गठन किया जायेगा।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि आज युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है, युवा लगातार आत्महत्याएं कर रहे हैं। युवाओं के रोजगार संबंधी लक्ष्य को पूरा करने के लिए इस देश में जो आर्थिक नीतियां अपनाई गई हैं, उसके चलते अवसाद बढ़ता जा रहा है। मैं चाहूंगा कि आपके माध्यम से राÂष्ट्रीय युवा आयोग का गठन जल्द से जल्द करवाने का आदेश दिया जाए ताकि युवाओं में जोश और उल्लास बढ़ सके। चूंकि महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए लोग इस हाउस में भी हैं, उनकी तरफ युवा बहुत ही आशा भरी नजरों से देख रहे हैं।...(व्यवधान) इसलिए राÂष्ट्रीय युवा आयोग का गठन किया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री शैलेश कुमार द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।